# हरियाणा विधान सभा

**सोमवार, 07 मार्च, 2022**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**अतारांकित प्रश्न**

---

## राशन का वितरण शुरू करना

**693. श्री घनश्याम दास अरोड़ा, एम० एल० ए०:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में नए बी.पी.एल. कार्डों पर अब तक राशन का वितरण आरम्भ नहीं किया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो वेबसाइट शुरू होने के पश्चात राशन का वितरण कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## विज्ञान केन्द्र खोलने

**696. श्री सीता राम यादव, एम० एल० ए०:** क्या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या राज्य के गांवों में विज्ञान केन्द्रों के खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त केन्द्रों के कब तक खोले जाने की संभावना है?

---

## चीनी मिल की पिराई क्षमता बढ़ाना

**627. डॉ० कृष्ण लाल मिढ़ा, एम० एल० ए०:** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या जींद चीनी मिल की पिराई क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है ?

---

## राइस मिल स्थापित करना

**621. श्री इंदुराज नरवाल, एम० एल० ए०:** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के उप–चुनाव के दौरान बरोदा निर्वाचनक्षेत्र में एक चीनी मिल स्थापित करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त राइस मिल के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

---

## गांव मोहाना को खण्ड के रूप में घोषित करना

**753.** **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम० एल० ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव मोहाना को खण्ड के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

## राख की मात्रा

**742.** **श्री बलराज कुंडू, एम० एल० ए०:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) भारतमाला परियोजना के तहत दिल्ली–अमृतसर–कटरा एक्सप्रेस–वे के निर्माण में लगे पैकेज सं० 1, 2, 3, 4 तथा 5 के ठेकेदारों को सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही राख की मात्रा क्या है तथा इसके लिए निश्चित की गई दर का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सभी ठेकेदारों को समान राशि तथा दर से राख उपलब्ध करवाई जा रही है; यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

---

## बन्द गन्दे नाले के ऊपर सड़क का निर्माण

**661.** **श्री सुभाष गांगोली, एम० एल० ए०:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों शहर में महात्मा गांधी सड़क से राम मेहर ठाकुर के घर तक बन्द गन्दे नाले के ऊपर सड़क बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

## एग्रो मॉल्स की नीलामी

**636.** **श्री कुलदीप वत्स, एम० एल० ए०:** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या राज्य में निर्मित चार एग्रो मॉल्स की नीलामी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं ?

---

## विधायकों को आशुलिपिक उपलब्ध करवाना

**729.** **श्री नीरज शर्मा, एम० एल० ए०:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के यादि क्रमांक 1/3/2020–1 राजनैतिक दिनांक 12/08/2021 के अनुसार सरकार द्वारा सभी विधायकों को आशुलिपिक उपलब्ध करने की व्यवस्था की जा रही है; यदि हां, तो उन विधायकों के नाम क्या हैं, जिन्हें ये सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं तथा सभी विधायकों को ये सुविधाएं उपलब्ध न करवाने के क्या कारण हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## सड़क को कारपेट करना

**654. श्री घनश्याम सर्राफ, एम० एल० ए०:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या तिगड़ाना मोड़ से रोहतक गेट वाया शिक्षा बोर्ड, हांसी गेट तथा महम गेट तक सड़क को कारपेट करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक कारपेट किए जाने की संभावना है ?

---

## जनरेटर सैट उपलब्ध करवाना

**643. श्री प्रदीप चौधरी, एम० एल० ए०:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बिजली कट के दौरान कार्य के सुगम संचालन के लिए रायपुर रानी के तहसील कार्यालय में जनरेटर सैट उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त कार्यालय में जनरेटर सैट कब तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है ?

---

## डाडम में खनन का ब्यौरा

**747. श्री भारत भूषण बतरा, एम० एल० ए०:** क्या खनन एवं भू–विज्ञान मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) डाडम में मैसर्ज गोवर्धन माइन्स तथा मिनरलज़ को सरकार द्वारा उत्खनन की स्वीकृति किस तिथि को दी गई तथा उसकी सेवा तथा शर्तें क्या हैं तथा उस क्षेत्र का ब्यौरा क्या है जिस के लिए स्वीकृति दी गई थी;

(ख) क्या यह तथ्य है कि डाडम खान में हाल ही में उत्खनन के दौरान दुर्घटना में 5 लोगों की मृत्यु हुई थी; यदि हां, तो दुर्घटना के कारण क्या हैं; तथा

(ग) डाडम के हिल रिवर लैंड में उत्खनन की शर्तें कब हटाई गई थी तथा इसमें कब से अवैध खनन किया जा रहा है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## किसानों को गन्ने का भुगतान

**703. चौ० अभय सिंह चौटाला, एम० एल० ए०:** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) वर्ष 2020–21 में राज्य द्वारा किसानों को गन्ने की फसल के लिए सहकारी तथा गैर–सहकारी चीनी मिलों द्वारा भुगतान की गई राशि का चीनी मिल–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उन किसानों की संख्या कितनी है जिनकी राशि लंबित है तथा गन्ने का भुगतान कब से नहीं किया गया है; तथा

(ग) क्या नियमानुसार किसानों को देरी से भुगतान के लिये ब्याज सहित राशि उपलब्ध करवाई गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## बॉयोगैस तथा बॉयोमास संयंत्रों की सूची

**673. श्री वरूण चौधरी, एम० एल० ए०:** क्या नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में फसल के अवशेष के उपयोग हेतू सरकार द्वारा स्थापित कम्प्रेस्ड बॉयोगैस एवं बॉयोमास संयंत्र की खण्डवार सूची क्या है ?

---

## अंग्रेजी टी०जी०टी० के कुल रिक्त पद

**694. श्री घनश्याम दास अरोड़ा, एम० एल० ए०:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में अंग्रेजी टी.जी.टी. अध्यापकों के कुल कितने पद रिक्त हैं तथा नए पात्रता मानदंड के अनुसार सरकार द्वारा उक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है ?

---

## उद्योग स्थापित करना

**697. श्री सीता राम यादव, एम० एल० ए०:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य के प्रत्येक खण्ड में उद्योग स्थापित करने के लिए कोई नीति सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है ?

---

## सिंचाई के लिए नहरी पानी की आपूर्ति

**628. डॉ० कृष्ण लाल मिढ़ा, एम० एल० ए०:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि जींद में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की 76 एकड़ भूमि में नहरी पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विश्वविद्यालय को सिंचाई के लिए नहरी पानी कब तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है ?

---

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

**754. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम० एल० ए०:** क्या कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मोहाना में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

## जल आपूर्ति के लिए नलकूप लगाना

**662. श्री सुभाष गांगोली, एम० एल० ए०:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव कालवा में जल आपूर्ति के लिए एक नलकूप लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त नलकूप के कब तक लगाये जाने की संभावना है ?

---

### सड़कों की मरम्मत/पुनःनिर्माण करना

**637.** **श्री कुलदीप वत्स, एम० एल० ए०:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर–बादली सड़क, बादली–फरूखनगर–गुरूग्राम सड़क तथा झज्जर–कोसली सड़क बहुत बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत/पुनः निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

### मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य आरम्भ करना

**730.** **श्री नीरज शर्मा, एम० एल० ए०:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद तथा गुरूग्राम को मेट्रो के माध्यम से जोड़ा जा रहा है तथा पायली चौक पर मेट्रो स्टेशन निर्मित किये जाने की संभावना है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है तथा उक्त कार्य के लिए बजट में सरकार द्वारा क्या प्रावधान किया गया ?

---

### सब्जी मंडी को स्थानांतरित करना

**655.** **श्री घनश्याम सर्राफ, एम० एल० ए०:** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या सब्जी मंडी को भिवानी शहर से बाहर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो सब्जी मंडी को रोहतक गेट या दादरी सड़क पर स्थानांतरित करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

### गिरे हुए वृक्षों को हटाना

**644.** **श्री प्रदीप चौधरी, एम० एल० ए०:** क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में वन क्षेत्र में वन विभाग द्वारा गिरे हुए वृक्ष नहीं हटाये जा रहे हैं जिससे फसलें क्षतिग्रस्त तथा दुर्घटनाएं भी हो रही हैं; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

---

### कोरोना महामारी के कारण मृतक के परिवारों को वित्तीय सहायता

**704.** **चौ० अभय सिंह चौटाला, एम० एल० ए०:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में कोरोना महामारी के कारण जिलावार कितने लोगों की मृत्यु हुई;

(ख) वित्तीय सहायता के लिए सरकार द्वारा प्राप्त किए गए आवेदनों की जिलावार संख्या कितनी है; तथा

(ग) उन परिवारों की संख्या कितनी है जिन्हें सरकार द्वारा अब तक 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की गई है तथा कितने आवेदन लंबित पड़े हैं तथा रद्द किये गए आवेदनों की कुल संख्या कितनी है ?

---

## मेरा पानी मेरी विरासत योजना

**674. श्री वरूण चौधरी, एम० एल० ए०:** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में 2020–2021 तथा 2021–2022 के दौरान "मेरा पानी मेरी विरासत" योजना के अन्तर्गत धान की खेती में कमी का जिलावार ब्यौरा क्या है ?

---

## चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करना

**629. डॉ० कृष्ण लाल मिढ़ा, एम० एल० ए०:** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) जींद शहर में निर्माणाधीन चिकित्सा महाविद्यालय के चरणों का ब्यौरा क्या है जो अब तक पूरे किए गये हैं; तथा

(ख) उपरोक्त चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

---

## डिग्री महाविद्यालयों की संख्या

**755. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम० एल० ए०:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में डिग्री महाविद्यालयों तथा जिन महाविद्यालयों का अपना भवन नहीं है, का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे महाविद्यालयों की संख्या कितनी है जो नियमित प्राचार्य के बिना चल रहे हैं तथा कब से चल रहे हैं; तथा

(ग) 200 से कम छात्रों वाले महाविद्यालयों का ब्यौरा क्या है ?

---

## गलियों का पुनः निर्माण करना

**663. श्री सुभाष गांगोली, एम० एल० ए०:** क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के मुआना गांव की सभी खराब गलियों को आई.एल.बी.पी. ब्लॉक से पुनः निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त गलियों के कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

## रेलवे लाइन के लिए भूमि का अधिग्रहण

**638. श्री कुलदीप वत्स, एम० एल० ए०:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या राज्य में सोनीपत से गुरूग्राम तक रेलवे लाइन बिछाने के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिगृहित किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या सभी क्षेत्रों को उनकी अधिगृहित भूमि के लिए समान सर्किल रेट प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## लाइन लॉसिज का ब्यौरा

**731. श्री नीरज शर्मा, एम० एल० ए०:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटिड तथा उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटिड के बीच लाइन लॉस में क्या अन्तर है; तथा

(ख) क्या उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटिड का लाइन लॉस दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम से अधिक है; यदि हां, तो क्या ऐसे उपभोक्ताओं जो कि अपना बिजली बिल ईमानदारी से भर रहे हैं, को प्रोत्साहित करने की सरकार की कोई नीति है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## गावों में विकास कार्यों में विलंब

**645. श्री प्रदीप चौधरी, एम० एल० ए०:** क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि पंचायत चुनावों में विलंब के कारण गांवों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं; यदि हां, तो क्या सरकार राज्य के गांवों में प्रशासनिक दरबार आयोजित करके जनता की शिकायतों का निवारण करने के लिए पंचायत विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देगी ?

---

## अस्पतालों में बैडों की संख्या

**705. चौ० अभय सिंह चौटाला, एम० एल० ए०:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में वर्ष 2019–20 से 2021–22 तक सरकारी अस्पतालों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध ऑक्सीजन बैडों, गैर–ऑक्सीजन बैडों, वेंटिलेटर बैडों तथा आई.सी.यू. बैडों की वर्षवार कुल संख्या कितनी है ?

---

## धान खरीद का ब्यौरा

**675. श्री वरूण चौधरी, एम० एल० ए०:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में वर्ष 2019–2020, 2020–2021 तथा 2021–2022 में सरकार द्वारा धान की खरीद की जिलावार राशि कितनी है ?

---

## सत्यापित परिवार पहचान पत्रों की कुल संख्या

**630. डॉ० कृष्ण लाल मिढ़ा, एम० एल० ए०:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) जींद जिले में सरकार द्वारा सत्यापित पहचान पत्रों की कुल संख्या अब तक कितनी है;

(ख) जींद जिले में सत्यापित परिवार पहचान पत्रों का अब तक खण्ड–वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) जींद जिले में सत्यापित परिवार पहचान पत्रों का अब तक नगरपरिषद–वार ब्यौरा क्या है ?

---

## ड्रेनों की संख्या

**756. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम० एल० ए०:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या गोहाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में पड़ने वाली सभी ड्रेनों की सरकार द्वारा 2021 में बरसात के मौसम में सफाई करवाई थी; यदि हां, तो ड्रेनों के नाम क्या हैं तथा उन गांवों के नाम क्या हैं जहां से ये गुजरती हैं; तथा

(ख) इन प्रत्येक ड्रेनों की सफाई पर कितनी राशि खर्च हुई तथा उस एजेंसी का क्या नाम है जिसके माध्यम से इन्हें साफ किया गया था ?

---

## चिकित्सकों के रिक्त पद भरना

**664. श्री सुभाष गांगोली, एम० एल० ए०:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि सफीदों नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों तथा अन्य अमले के रिक्त पड़े पदों की कुल संख्या कितनी है तथा उपरोक्त रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है ?

---

## नगर निगम फरीदाबाद में ईको ग्रीन एनर्जी का कार्य

**732. श्री नीरज शर्मा, एम० एल० ए०:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि ईको ग्रीन एनर्जी सरकार के अनुबंध के समय निर्धारित की गई सेवा तथा शर्तों के अनुसार नगर निगम, फरीदाबाद के साथ कार्य कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त अनुबंध में विक्रेता द्वारा अन्य विक्रेता को कार्य पुनः आबंटित करने का कोई प्रावधान है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या कूड़े को एकत्रित करने या कूड़े का प्रंबधन करने के लिए ईको ग्रीन एनर्जी को टेंडर दिया गया था तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## नलकूप कुनैक्शन जारी करना

**712. श्री वरूण चौधरी, एम० एल० ए०:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) वर्ष 2021–2022 में (होर्सपावर–वार) सरकार द्वारा जारी किए गए नलकूप कुनैक्शनों की संख्या कितनी है;

(ख) 31 जनवरी, 2022 तक किसानों द्वारा आवेदित किए गए तथा लंबित नलकूप कुनैक्शनों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) 31 जनवरी, 2022 तक लंबित कुनैक्शन कब तक जारी कर दिए जाएंगे ?

---

## रानी तालाब का सौंदर्यकरण

**702. श्री धर्मपाल गोंदर, एम० एल० ए०:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या तरावड़ी शहर में स्थित रानी तालाब के सौंदर्यकरण के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है ?

---

## सक्षम योजना के ब्यौरे

**762. श्री भारत भूषण बत्तरा, एम० एल० ए०:** क्या कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या राज्य में वे अभ्यर्थी जिनके माता–पिता नौकरी में या पेंशन का लाभ ले रहे हैं, सक्षम योजना–2016 के लिए पात्र हैं; यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(ख) क्या राज्य के निवासियों जिन्होंने अपनी डिग्रियां पत्राचार/निजी या किसी अन्य राज्य से प्राप्त की हैं, सक्षम योजना–2016 का लाभ ले सकते हैं; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; तथा

(ग) हरियाणा कौशल रोजगार निगम में फरवरी, 2022 तक पंजीकृत अभ्यर्थियों की कुल संख्या कितनी है तथा निगम द्वारा उपरोक्त पंजीकृत अभ्यर्थियों में से उन अभ्यर्थियों की संख्या कितनी है जिन्हें नियुक्ति उपलब्ध करवाई गई हैं तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

---

राजेन्द्र कुमार नांदल,<br>सचिव,<br>हरियाणा विधान सभा।

चण्डीगढ़:<br>दिनांक 3 मार्च, 2022.

58551—H.V.S.—H.G.P., Chd.